**दिनांक : 06.04.2025** **समय : 02.10PM**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

**स्टार्टअप महाकुंभ 2025**

नई दिल्ली में कल संपन्न हुए स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में युवा उद्यमियों की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में डीपटेक, एग्रीटेक, बायोटेक, मेडटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, गेमिंग और अन्य क्षेत्रों में भारत की ताकत देखने का मिली। कार्यक्रम के दौरान, सरकारी ई–मार्केटप्लेस ने 2500 से अधिक स्टार्टअप से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। इस दौरान एक हजार से अधिक स्टार्टअप को पंजीकरण और कैटलॉगिंग की सुविधा प्रदान की गयी।

**पीएम–पम्बन उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऐतिहासिक पम्बन रेल पुल 'सी लिफ्ट' ब्रिज का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री मोदी ने आठ हजार तीन सौ करोड़ रुपये की रेल और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम तांबरम एक्सप्रेस तथा एक जलयान को भी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं। आपको बता दें कि पम्बन रेल पुल पांच सौ 50 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए ब्रिज पर दोहरी रेल पटरियों का निर्माण किया गया हैं।

**अयोध्या – रामनवमी**

अयोध्या में लोग रामनवमी का त्यौहार उत्साह के साथ मना रहे हैं। रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं। भगवान राम का सूर्य तिलक ठीक बारह बजे हुआ, जिसे देखने हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे।

**राम नवमी–बधाई**

रामनवमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि राम नवमी हमें धर्म, न्याय और कर्तव्य की भावना का संदेश देती है। उन्होंने देशवासियों से विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक किया गया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी देश के गौरव का पर्व है।

**रामनवमी–प्रदेश**

भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव के साथ ही नवरात्रि की महानवमी का पर्व आज हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। आगरमालवा जिले में बारह बजते ही भगवान श्रीराम की महाआरती की गई। देवी मंदिरों और घरों में

हवन, पूजन, अनुष्ठान, कन्याभोज के साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। वहीं, प्रदेश की धार्मिक नगरी सतना जिले के मैहर में मां शारदा धाम मैहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। दोपहर तक करीब 70 हजार श्रृद्धालुओं ने मां शारदा के दर्शन किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी आज मैहर पहुंच रहे हैं। वे यहां पूजा अर्चना के साथ ही एक जनआशीर्वाद यात्रा भी करेंगे। इसके अलावा सीहोर जिले के देवीधाम सलकनपुर, देवास के चामुंडा, आगरमालवा के नलखेड़ा के बगलामुखी माता मंदिर, दतिया की पीतांबरा पीठ, शाजापुरा का राज राजेश्वरी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। शिवपुरी में माता मंदिरों पर हुआ भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। बड़वानी में राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

## **संक्षिप्त समाचार**

- नदियों का अस्तित्व बचाने और लोगों को जागरुक करने के लिए आम आदमी पार्टी प्रदेश में 'नदी बचाओ जीवन बचाओ' आंदोलन का आगाज करने जा रही है।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भ्रमण कार्यक्रम में संशोधन हुआ है। वे आज मैहर जिले के मैहर ,अमरपाटन और सतना जिले के चित्रकूट के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री चित्रकूट से शाम को सड़क मार्ग से रीवा जाएंगे।

- धार जिले में रबी विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की तारीख बढ़ाकर 9 अप्रैल की गई है। जिले में अब तक कुल 24 हजार 985 किसानों ने पंजीयन कराया है।

- झाबुआ में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ सफाई व सोख्ता गड्ढा बना कर जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।